EXPORT PROMOTION COUNCIL FOR HANDICRAFTS

"EPCH HOUSE" POCKET-6 & 7, SECTOR-C, L.S.C., VASANT KUNJ, NEW DELHI-110070

Tel: 91-11-26135256 Email: mails@epch.com

Fax: 91-11-26135518, 26135519 Web: www.epch.in


# PRESS RELEASE

## XXXIII EXPOARTESANIAS 2013 EXPECTED TO GENERATE RS. 3.50 CRORE BUSINESS HELD FROM DECEMBER 6 – 19, 2013 AT COLOMBIA

New Delhi – December 24, 2013 – The Export Promotion Council for Handicrafts (EPCH) which participated in the XXXIII Expoartesanias 2013 held from December 6 – 19, 2013 at Colombia -- aimed at showcasing craftsmanship of Indian handicrafts to the Colombian buyers -- is expected to generate a business of Rs. 3.50 crore during its 14-day-long exposition.

India Pavilion set up in collaboration with Indian Embassy was earlier inaugurated on December 06, 2013 by Ambassador of India Mr. Riewad V. Warjri in the presence of Mr. Navraj Goyal, Addl. Development Commissioner(Handicrafts), Ministry of Textiles, Govt. of India, Mr. Harish Lall, Member COA-EPCH, Mr. Jaime Mantilla, President – Colombia India Chamber of Commerce and Mr.R.K.Verma, Director-EPCH alongwith local dignitaries from Bogota, Colombia.

Amongst the VIPs who visited **India Pavilion** on December 12, 2013, was the First Lady, Her Excellency Maria Clemencia Rodriguez Munera, wife of the current President of Colombia, Juan Manuel Santos Calderon, informed Mr. Rakesh Kumar, Executive Director – EPCH.

EXPOARTESANIAS is the largest and famous in Latin American Countries. India is part of 18 countries selected to set-up special pavilions at this prestigious event, the biggest handicrafts & artisans' exhibition in Latin America.

Indian pavilion was set up in Hall 6 along with 35 Indian Handicrafts Exporters out of which 17 member exporter were from EPCH along with 5 master craft persons deputed by O/o Development Commissioner (Handicrafts), Ministry of Textiles. These Master Craft persons performed live demonstration of their crafts such as Phulkari, Zari Craft, Tie & Dye, Blue Pottery and Shawls.

Approximate 700 handicrafts manufacturers had participated from India, Argentina, Mexico, Pakistan, Turkey, Peru, Thailand, Venezuela, Ecuador, Indonesia, Paraguay, Uruguay and Colombia. Around 76,000 buyers from all over the world visited during the show.

EPCH Executive Director further elaborated that the Council has been participating in .Expoartesanias for the last many years as Latin America and Caribbean countries offer immense potential for exports of Indian handicrafts.

The exports of handicrafts has increased manifold in previous years as the exports which was USD million 1858 during 2000-01 increased to USD million 3305 during 2012-2013. The average exports growth in exports of handicrafts from India has remained between 15 - 16% per annum.

The exports to Colombia was of USD 3.15 million during the 2011-12 which increased to USD 4.53 million during 2012-13, he added. Also exports to Latin American Countries was Rs. 87.20 million in 2011-12 & USD 119.18 million in 2012-13.

---------------------------------------------------------------------------

For further information, please contact :

**Mr. Rakesh Kumar, Executive Director – EPCH - +91-9818272171**

# <u>प्रेस विज्ञप्ति</u>

**6-19 दिसंबर 2013 को कोलंबिया में आयोजित 33वें एक्सपोआर्टेसैनिज 2013 से 3.50 करोड़ रुपये के व्यापार की संभावना**

नई दिल्ली - 24 दिसंबर 2013- कोलंबियाई खरीददारों के समक्ष भारतीय हस्तशिल्प के शिल्प कौशल के प्रदर्शन हेतु हस्तशिल्प निर्यात संवर्धन परिषद ने 6-19, दिसंबर 2013 को कोलंबिया में आयोजित 33वें एक्सपोआर्टेसैनिज 2013 में भाग लिया और इस 14 दिवसीय प्रदर्शनी के माध्यम से 3.50 करोड़ रुपये का व्यापार होने की उम्मीद जताई.

इससे पहले 6 दिसंबर 2013 को भारतीय दूतावास के सहयोग से भारत मंडप की स्थापना की गई. भारत मंडप का उद्घाटन भारतीय राजदूत आरवी वर्जरी ने वस्त्र मंत्रालय (भारत सरकार) के हस्तशिल्प अपर आयुक्त श्री नवराज गोयल, ईपीसीएच के प्रशासनिक समिति के सदस्य श्री हरीश लाल, भारत-कोलंबिया चेंबर ऑफ कामर्स के अध्यक्ष श्री जेमी मैंटिला और ईपीसीएच के निदेशक श्री आर के वर्मा समेत बगोटा के कई स्थानीय गणमान्य लोगों की उपस्थिति में किया.

ईपीसीएच के कार्यकारी निदेशक श्री राकेश कुमार ने बताया कि 12 दिसंबर 2013 को भारत मंडप का दौरा करने वाले अति विशिष्ट लोगों में कोलंबिया की प्रथम महिला, वर्तमान राष्ट्रपति महामहिम जुआन मैनुएल सैंटोस कैलड्रोन की पत्नी, मारिया क्लेमेंसिया रोड्रिग्ज़ मुनेरा थीं.

एक्सपोआर्टेसैनिज लैटिन अमेरिकी देशों में हस्तशिल्प का सबसे बड़ा और प्रसिद्ध मेला है. भारत लैटिन अमेरिका में आयोजित इस सबसे बड़े हस्तशिल्प एवं शिल्पकारों की प्रदर्शनी में विशेष मंडप प्रतिष्ठित करने वाले 18 देशों का हिस्सा है.

एक्सपोआर्टेसैनिज 2013 में ईपीसीएच ने 17 सदस्य निर्यातकों समेत 35 भारतीय हस्तशिल्प निर्यातकों के साथ भारतीय मंडप को हॉल 6 में स्थापित किया. वस्त्र मंत्रालय के हस्तशिल्प विकास आयुक्त कार्यालय ने इसके लिए 5 शिल्प विशेषज्ञों की भी प्रतिनियुक्ति की. इन शिल्प विशेषज्ञों ने इस दौरान यहां फुलकारी, जरी क्राफ्ट, टाई एण्ड डाई, ब्लू पॉटरी और शॉल के रूप में अपने शिल्प का जीवंत प्रदर्शन किया.

भारत, अर्जेंटीना, मैक्सिको, पाकिस्तान, तुर्की, पेरू, थाईलैंड, वेनेजुएला, इक्वाडोर, इंडोनेशिया, पराग्वे, उरुग्वे और कोलम्बिया से लगभग 700 हस्तशिल्प निर्माताओं ने इसमें भाग लिया. इस प्रदर्शनी का दुनिया भर के करीब 76,000 खरीददारों ने दौरा किया.

ईपीसीएच के कार्यकारी निदेशक ने आगे बताया कि परिषद लैटिन अमेरिका और कैरेबियाई देशों में भारतीय हस्तशिल्प के निर्यात की अपार क्षमता मौजूदगी की वजह से पिछले कई सालों से एक्सपोआर्टेसैनिज में भाग लेता आ रहा है.

हस्तशिल्प के निर्यात में पिछले कुछ वर्षों में काफी वृद्धि हुई है. यह 2000-01 के दौरान 1,858 मिलियन अमेरिकी डॉलर था जो 2012-13 के दौरान बढ़कर 3,305 मिलियन अमेरिकी डॉलर हो गया. हालांकि भारत से हस्तशिल्प निर्यात वृद्धि

प्रति वर्ष औसतन 15-16 प्रतिशत के बीच बना हुआ है. उन्होंने बताया कि कोलंबिया के लिए निर्यात 2011-12 के दौरान 3.15 मिलियन अमेरिकी डॉलर से बढ़कर 2012-13 के दौरान 4.53 मिलियन अमेरिकी डॉलर हो गया है.

अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें:

**श्री राकेश कुमार, कार्यकारी निदेशक - ईपीसीएच - +91-9818272171**




The First Lady, Her Excellency Maria Clemencia Rodriguez Munera, wife of the current President of Colombia, Juan Manuel Santos Calderon during her visit to India Pavilion on 12th December, 2013 at XXXIII Expoartesanias 2013 held from 6 – 19 December, 2013 at Colombia